सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 222 | इंदौर, बुधवार 26 फरवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए






# रेन डांस की अनुमति नहीं दी, तो लेडी प्रिंसिपल और प्रोफेसरों को बनाया बंधक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। होलकर विज्ञान महाविद्यालय में होली के कार्यक्रम में रेन डांस की अनुमति नहीं मिलने से आक्रोशित विद्यार्थियों ने कॉलेज की प्राचार्या (प्रिंसिपल) और प्रोफेसरों को करीब एक घंटे तक बंधक बनाए रखा। उन्होंने उस यशवंत हॉल की बिजली सप्लाय भी बंद कर दी, जहां प्रोफेसरों को बंधक बनाया गया था।**

विद्यार्थी यहीं नहीं रुके। उन्होंने हॉल के बाहर धरना देते हुए जमकर नारेबाजी भी की। प्राचार्या की शिकायत के बाद कलेक्टर ने इस मामले की जांच एडीएम को सौंप दी है। शिकायत पुलिस तक भी पहुंच गई है। घटना में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्र नेताओं के शामिल होने की बात भी सामने आई है। होली के अवसर पर कॉलेज के स्नातक और स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने एक कार्यक्रम आयोजित किया था। इसमें एबीवीपी के कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया गया था। विद्यार्थियों ने पिछले सप्ताह इस कार्यक्रम के संबंध में प्रभारी प्राचार्या प्रो. अनामिका जैन से चर्चा भी की थी। उस वक्त प्राचार्या ने उन्हें कार्यक्रम की मौखिक अनुमति दे दी थी। सोमवार को विद्यार्थियों ने परिसर में कार्यक्रम के पोस्टर चस्पा किए। इन पोस्टरों में बताया गया था कि कार्यक्रम सात और आठ मार्च को होगा और इसमें संगीत से साथ-साथ रेन डांस और होली खेलने का भी इंतजाम रहेगा। कार्यक्रम के नाम पर विद्यार्थियों से 150-150 रुपये भी जमा किए जा रहे थे। प्राचार्या को जब कार्यक्रम में रेन डांस आयोजित करने की जानकारी लगी तो उन्होंने परिसर में लगे पोस्टरों को हटवा दिया। इसके बाद छात्र बिफर गए और भारी हंगामा किया। प्राचार्या के निर्देश पर पोस्टर हटाए जाने की खबर लगने के बाद एबीवीपी कार्यकर्ता और विद्यार्थी प्राचार्या से मिलने पहुंचे, लेकिन उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। दोपहर करीब तीन बजे जब प्राचार्या और करीब 30 प्रोफेसर यशवंत हाल में एक बैठक में व्यस्त थे, एबीवीपी के कार्यकर्ता और विद्यार्थी वहां पहुंचे और नारेबाजी करने लगे। उन्होंने प्राचार्या और प्रोफेसरों को हाल में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया और धरने पर बैठ गए। हंगामा कर रहे विद्यार्थियों ने एमसीबी गिरा दी, जिससे यशवंत हाल की बिजली सप्लाय बंद हो गई। करीब एक घंटे तक यशवंत हाल के बाहर हंगामा होता रहा। घबराए प्रोफेसरों ने फोन कर कर्मचारियों को बुलाया, जिसके बाद बिजली बहाल हो सकी। मामले की सूचना मिलने पर भंवरकुआं पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति नियंत्रित की। प्रदर्शन खत्म होने के बाद भी कुछ छात्र नेता दबाव बनाने के लिए प्राचार्या के कक्ष में पहुंच गए।



### कोई प्रदर्शन नहीं किया

होलकर कॉलेज में एबीवीपी ने कोई प्रदर्शन नहीं किया। विद्यार्थी अपने स्तर पर होली पर कार्यक्रम आयोजित कर रहे थे। इसमें कुछ एबीवीपी कार्यकर्ता शामिल थे। संगठन की प्रदर्शन में कोई भूमिका नहीं है।

**-रितेश पटेल, प्रभारी (होलकर कॉलेज), एबीवीपीए**

### एडीएम मामले की जांच करेंगे

होलकर कॉलेज की प्राचार्या से मामले की शिकायत मिली है। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस थाने पर भी की है। हमने एडीएम को मामले की जांच के लिए कहा है। वे मंगलवार को जांच शुरू करेंगे। जो भी वैधानिक कार्रवाई होगी की जाएगी। होली के मौके पर भी इस मामले में नजर रखी जाएगी। पुलिस भी अपनी कार्रवाई करेगी।

**-आशीष सिंह, कलेक्टर इंदौर**

### इंदौर में शांति समिति की बैठक

## शांति व्यवस्था और भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आगामी त्यौहारों को लेकर मंगलवार को कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सभी धर्मगुरुजनों और समाज प्रमुखों ने अपनी-अपनी बातें रखी। इस दौरान कुछ समस्याएं बताई गई और सुझाव भी दिए।**

बैठक में महाशिवरात्रि, रमजान, होली, धुलेंडी, रंग पंचमी आदि पर्वों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान शहर में किस तरह से शांति व्यवस्था और भाईचारा बना रहे इसे लेकर लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं और सुझाव भी दिए। मुस्लिम समाज की ओर से बताया गया कि रमजान में देर रात तक दुकानें खुली रहती हैं। वहां पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाए। लाइट की व्यवस्था भी बनी रहे, इसे लेकर भी सुझाव दिए गए। अधिकांश सुझाव ट्रैफिक, लाउड स्पीकर, साफ-सफाई, नशाखोरी आदि को लेकर दिए गए। साथ ही शांति समिति में नए लोगों को भी जोड़ने की मांग की गई।



बैठक में बताया गया कि त्यौहारों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। शांति और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। सभी त्योहार आपसी सद्भाव, एकता के साथ शांतिपूर्ण रूप से मनाए जाएंगे और इंदौर की गौरवशाली परम्परा को कायम रखा जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि किसी को परेशानी नहीं हो इसका ध्यान रखें। अधिकारी मार्गों की मरम्मत पर विशेष ध्यान दें। बिजली सप्लाय की समुचित व्यवस्था बनाई जाएं। सिंह ने कहा कि 14 मार्च को धुलेंडी और 19 मार्च को रंग पंचमी पर आमजन की सुविधा के लिए विशेष पेयजल आपूर्ति की जाएं। शहर में जहां-जहां सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है या सीवरेज काम के लिए सड़क को खोदा गया है वहां पेचवर्क किया जाएं। हरे वृक्षों की कटाई न हो इसका ध्यान रखें। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पर सरकारी वन सम्पदा रखी रहती है, उसकी सुरक्षा के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएं।वन विभाग विभिन्न काउंटरों के माध्यम से हर्बल कलरों का विक्रय करें, जिससे आम जन को अच्छे कलर उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही शरीर को होने वाले नुकसानों से भी बचा जा सकेगा। शराब पीकर या लापरवाही से वाहन चलाने पर कार्रवाई की जाएगी पुलिस विभाग द्वारा शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस का अतिरिक्त बल तैनात रहेगा और संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारी भी पेट्रोलिंग करते रहेंगे। अन्य समाजजन ने सुझाव दिए कि शहर में अब कई पुलिस अधिकारी नए आ गए हैं। इनके नंबर समिति के हर सदस्य को दिए जाएं। बैठक में धार्मिक आयोजनों के दौरान शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। इन्हें सुनने के बाज कलेक्टर ने सभी समस्याओं के निराकरण का आदेश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया है। बैठक में नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## कार्यकर्ता आभार व्यक्त कार्यक्रम सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राष्ट्रीय मौर्य समाज मिलन समारोह एवं विश्व मौर्य परिषद स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने वाले हमारे मौर्यवंशी योद्धाओं का आज आभार एवं अभिवादन किया गया। सभी जुझारू और कर्मठ एवं मेहनती कार्यकर्ताओं को केसरिया पटटी पहनाकर कर जितेंद्र मौर्य द्वारा आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर मौर्य समाज के संदीप मौर्य, प्रवीण मौर्य, अखिलेश मौर्य, तीरथलाल मौर्य, निखिलेश मौर्य, लवलेश मौर्य, पवन मौर्य, राजेश मौर्य, तेजकरण मौर्य, रवि मौर्य, सचिन मौर्य, ऋषभ मौर्य, घनश्याम मौर्य, सुनील मौर्य, अर्पण मौर्य, भवेंद्र मौर्य, सूरज मौर्य, दिवाकर मौर्य आदि मौर्य समाज के समाज सेवक उपस्थित रहे। तत्पश्चात सचिन मौर्य को पुष्प माला पहनाकर, गुलदस्ता भेंटकर व केक काटकर धूमधाम तरीके से जन्मदिन मनाया गया। उसके बाद सभी समाज बंधुओ ने सामूहिक होकर साथ में भोजन किया।

## इंदौर से चलने वाली ट्रेनें अब सीहोर में भी रुकेंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** महाशिवरात्रि मेला के दौरान सीहोर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए वहां से गुजरने वाली 11 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों का 2 मिनट का अस्थाई ठहराव दिया जाएगा। यह ठहराव 25 फरवरी यानी आज से 03 मार्च तक दिया जाएगा। इधर, उत्तर पूर्व रेलवे लखनऊ मंडल के लखनऊ रेलवे स्टेशन पर कॉनकोर्स निर्माण कार्य हेतु प्रस्तावित ब्लाक के कारण पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के इंदौर से चलने वाली दो ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 19313 इंदौर पटना एक्सप्रेस 26 फरवरी से 23 अप्रैल तक परिवर्तित मार्ग वाया मानक नगर-ऐशबाग-मल्हौर-अयोध्या कैंट-जफराबाद चलेगी। इस दौरान यह ट्रेन लखनऊ, निहालगढ़, सुल्तानपुर एवं शिवपुर स्टेशन नहीं जाएगी। इस ट्रेन का ऐशबाग, अयोध्या कैंट एवं जौनपुर स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। वहीं, इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 19321 इंदौर पटना एक्सप्रेस 01 मार्च से 19 अप्रैल तक परिवर्तित मार्ग वाया मानक नगर-ऐशबाग-मल्हौर चलेगी।

## दिव्यांग छात्र ने कलेक्टर से लगाई गुहार, अब परीक्षा में अधिक समय मिलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में एक दिव्यांग छात्र ने परीक्षा में अतिरिक्त समय देने की मांग की, जिसे कलेक्टर आशीष सिंह ने तुरंत हल कर दिया। अब छात्र को परीक्षा में अधिक समय मिलेगा। एमबी खालसा कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र फैजान खान ने बताया कि 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उसे दिव्यांगता के कारण अतिरिक्त समय मिला था, लेकिन कॉलेज परीक्षा में उसे यह सुविधा नहीं दी जा रही थी। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने स्पष्ट किया कि अतिरिक्त समय केवल उन छात्रों को दिया जाता है, जिन्हें राइटर (लेखक) उपलब्ध कराया जाता है।

छात्र की समस्या सुनकर कलेक्टर ने तुरंत कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रशासन से चर्चा की और उसे आश्वस्त किया कि परीक्षा में उसे अतिरिक्त समय दिया जाएगा। जनसुनवाई में सचिन सिंह ने अपने 11 माह के बीमार पुत्र के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। कलेक्टर ने परिवार की स्थिति को देखते हुए तत्काल 50 हजार रुपए की राशि मंजूर की। इसी तरह, उषा वर्मा को उनकी मां के इलाज के लिए 20 हजार रुपए की सहायता दी गई। बबीता बड़ेरिया और गंगाबाई सिसोदिया को रोजगार के लिए सिलाई मशीन दी गई। दिव्यांग रिचा, विजय धाड़से और रंजू को 10-10 हजार रुपए, बेगम बी को 8 हजार रुपए, रचना सहगल को 7 हजार रुपए, जान्हवी शर्मा को 5 हजार रुपए, मीरा बाई चौहान को 10 हजार रुपए और गीता नागर को 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन प्लॉट, संपत्ति विवाद और पारिवारिक मामलों से जुड़े हुए थे, जिन पर संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# अवैध निर्माण को धराशायी किया दो प्लाट को मिलाकर एक बनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तुलसी नगर मेन रोड पर मंगलवार को नगर निगम की टीम दलबल के साथ पहुंची। यहां पर दो प्लाट को मिलाकर एक निर्माण किया गया। शिकायत मिलने के बाद नगर निगम की टीम ने यहां कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को धराशायी कर दिया।**



दरअसल, ये कार्रवाई जोन 8 के वार्ड 37 में की गई। मंगलवार को टीम पूरे अमले के साथ यहां पहुंची और कार्रवाई को अंजाम दिया। यहां पर राधिका पैलेस नाम से बिल्डिंग थी, जिस पर ये कार्रवाई हुई है। बताया जा रहा है कि यहां पर एक बैंक और जिम भी संचालित हो रहा था। निगम की टीम के मुताबिक जब टीम कार्रवाई करने पहुंची तब बैंक तो खाली मिला, जबकि जिम में सामान रखा हुआ था। कार्रवाई के पहले निगम की टीम ने जिम के सामान को एक तरफ किया। इसके बाद कार्रवाई शुरू हुई। अपर आयुक्त लता अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर तुलसी नगर मेन रोड पर ये कार्रवाई हुई है। यहां प्लाट नंबर 52-53 है। दो प्लाट को मिलाकर एक निर्माण कर लिया गया था। यहां फ्रंट का सौ प्रतिशत एमओएस कवर कर रखा था। जहां-जहां इनकी गलती थी, उतना हिस्सा तोड़ा गया है। बताया जा रहा है कि 2200 स्क्वायर फीट का अवैध निर्माण हटाया गया। लता अग्रवाल ने बताया कि इस कार्रवाई के लिए 50 लोगों की टीम लगी। इसके साथ ही 3 जेसीबी मशीन और 2 पोकलेन मशीन की मदद से यहां बने अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की गई है।

## एएसआई को 10 हजार रु. की रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर। लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को बड़गोंदा थाने में पदस्थ एएसआई को 10 हजार रु. की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। उसने एक पारिवारिक मामले को कमजोर करने के एवज में 20 हजार रु. की रिश्वत मांगी थी।**

आरोपी एएसआई का नाम गोविंदसिंह गिरवार (51) है। मामले में बसीपीपरी गांव के निवासी अनिल बारिया की पत्नी रेखा ने 21 जनवरी बड़गोंदा थाने में पारिवारिक विवाद की शिकायत की थी। इसकी जांच एएसआई गोविंद सिंह के पास में थी। उसने रेखा के पति अनिल से एफआईआर कमजोर करने के एवज में 20 हजार रु. की मांग की थी। इस पर अनिल ने लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय से शिकायत की थी। इसके बाद उसे पकड़ने की तैयारी की गई। मंगलवार दोपहर को गोविंद सिंह ने अनिल को गवली पलासिया स्थित शराब की दुकान के पास रुपए लेकर बुलाया। इस पर अनिल मौके पर पहुंचा और उसे रुपए दिए। तभी वहां सक्रिय लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगेहाथों पकड़ लिया उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण की धारा 7 के तहत केस दर्ज किया गया है।

## रिश्तेदार ने किया शादीशुदा महिला से रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने एक शादीशुदा महिला की शिकायत पर उसके ससुराल पक्ष के रिश्तेदार के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है। आरोपी ने पीड़िता को पति से तलाक देकर शादी करने का हवाला दिया। इसके बाद उसके साथ सबंध बनाता रहा। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक शादीशुदा महिला की शिकायत पर रोहित नाम के आरोपी पर केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि 2022 में उसकी शादी हुई। इस दौरान रोहित उनके संपर्क में आया। रिश्तेदार होने से उसका घर पर आना जाना लगा रहता था। इस दौरान एक दिन उसने पीड़िता से प्यार करने की बात कहते हुए पति को तलाक देने को कहा। 10 जनवरी 2023 को रोहित घर पहुंचा। यहां फिर से शादी की बात कही और जबरन सबंध बनाए। जब भी रोहित से शादी की बात कही तो पति को पहले तलाक देने के लिए कहता। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 15 फरवरी को वह घर पर अकेली थी। ससुराल के लोग शादी में गए थे। इस दौरान आरोपी घर पहुंचा और संबंध बनाए। रोहित की बात में आकर पति को तलाक दे दिया। इसके बाद रोहित ने बात बंद कर दी। उसने झगडा किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी लगातार दो साल से उसके साथ शारीरिक शोषण कर रहा है।

# मोबाइल की जिद में गई छात्र की जान, जहर पीकर मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में मोबाइल गेम की लत और जिद ने एक 9वीं कक्षा के छात्र की जान ले ली। उसने पास की दुकान से जहरीली दवा खरीदी और पी ली। दोस्तों ने जब यह देखा तो तुरंत उसकी मां को बताया। परिवार उसे निजी अस्पताल लेकर गया, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया। सोमवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है**



छत्रीपुरा पुलिस के अनुसार, मृतक छात्र प्रिंस (16) पुत्र संजय शाह, आदर्श इंदिरा नगर का रहने वाला था। रविवार रात उसने जहर खा लिया था, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां सोमवार को उसकी मौत हो गई। प्रिंस 9वीं कक्षा का छात्र था और उसके परिवार में माता-पिता, दो भाई और एक बहन हैं। उसके पिता एक मिठाई की दुकान पर काम करते हैं।

परिवार के अनुसार, कुछ दिनों पहले प्रिंस अपने माता-पिता के साथ बिहार के नारायणपुर गांव गया था। 25 जनवरी 2025 को वे लौट रहे थे, तभी पटना के पास ट्रेन में उसका मोबाइल चोरी हो गया। प्रिंस मोबाइल पर फ्री फायर गेम खेलने का आदी था, इसलिए वह लगातार अपनी मां सुधा से नया मोबाइल दिलाने की जिद कर रहा था। उसकी मां ने कहा था कि पिता की सैलरी आने पर वह उसे मोबाइल दिला देंगी। रविवार को प्रिंस ने फिर से मोबाइल के लिए जिद करना शुरू कर दिया। उसने मां से कहा कि अगर उसे मोबाइल नहीं मिला तो वह अपनी जान दे देगा। मां ने समझाने की कोशिश की और कहा कि रात हो गई है, सोमवार को वह अपना मंगलसूत्र गिरवी रखकर उसे मोबाइल दिला देंगी। लेकिन प्रिंस को मोबाइल तुरंत चाहिए था, क्योंकि सुबह उसे स्कूल जाना था। मां ने उसे भरोसा दिलाया कि खाना खाने के बाद वे मोबाइल लेने चलेंगे, लेकिन गुस्से में आकर प्रिंस घर से निकल गया। वह नजदीकी किराना दुकान पर गया और वहां से जहरीली दवा की पुड़िया खरीदी। इसे पानी में घोलकर पी लिया। जब परिवार को पता चला, तो तुरंत उसे अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान प्रिंस ने कहा कि वह सिर्फ अपने परिवार को डराने के लिए ऐसा कर रहा था, लेकिन सुबह उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। डॉक्टरों ने उसे वेंटिलेटर पर रखा, लेकिन कुछ ही देर बाद उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में पिता और कुछ परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं। अन्य लोगों से भी जल्द पूछताछ की जाएगी।

## मेडिकल एग्जाम की तैयारी कर रही स्टूडेंट की संदिग्ध मौत : रास्ते में गश खाकर गिरी, साइलेंट अटैक आया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भंवरकुआ इलाके में किराए से रहने वाली एक स्टूडेंट की संदिग्ध परिस्थिती में मौत हो गई। वह सोमवार शाम मार्केट जाने के लिए निकली थी। इस दौरान वह बेहोश होकर गिर गई। उसे नजदीक के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। यहां कुछ देर बाद डॉक्टरों ने साइलेंट अटैक के चलते उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।**

पुलिस के मुताबिक सुलभा (26) पुत्री सुनील गुप्ता, निवासी गणेश नगर की सोमवार शाम संदिग्ध परिस्थिती में मौत हो गई। दोस्त पंकज ने बताया कि वह शाम करीब 7 बजे के लगभग मार्केट जा रही थी। चौराहे के पास वह गश खाकर गिर गई। इस दौरान उसे तेजाजी नगर इलाके में ट्रॉमा सेंटर पर ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद साइलेंट अटैक की बात कही। उसे कुछ देर बाद मृत घोषित किया गया। सुलभा मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। उसने कुछ दिन पहले एग्जाम दिया। जिसमें वह पास भी हो गई। सुलभा की छोटी बहन साक्षी भी उसके साथ इंदौर में रहकर मेडिकल परीक्षा की तैयारी कर रही है। साक्षी करीब 7 सालों से इंदौर में रह रही थी। वह मूल रूप से खरगोन की रहने वाली है। उसके पिता यहां किराने की दुकान चलाते हैं। उसकी मौत की सूचना के बाद परिवार रात में ही इंदौर आ गया। मंगलवार को एमवाय अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। पुलिस अभी मामले में जांच की बात कर रही है।

## छात्रा का फर्जी अकाउंट बनाकर अश्लील रील अपलोड

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में 12वीं कक्षा की एक छात्रा के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील रील अपलोड करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि 25 जनवरी को जब वह इंस्टाग्राम चला रही थी, तब अचानक एक रील उसकी टाइमलाइन पर आई, जिसमें उसका वीडियो दिखाया गया था। इस रील पर कई अश्लील कमेंट्स भी किए गए थे। जांच में सामने आया कि यह वीडियो एक फर्जी आईडी से अपलोड किया गया था, जो उसके नाम पर बनाई गई थी।

## शराब पीकर गर्लफ्रेंड से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विजयनगर इलाके में एक युवक ने अपनी गर्लफ्रेंड से विवाद के बाद उसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है। विजयनगर पुलिस के मुताबिक, 21 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी रितेश वर्मा (निवासी पितृ पर्वत) ने उसे धमकाया और उसकी निजी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर दीं। युवती के अनुसार, मार्च 2024 में एक निजी कंपनी में काम के दौरान उसकी पहचान रितेश से हुई थी। पहले दोनों में सामान्य बातचीत होती थी, जो बाद में दोस्ती और फिर करीबी रिश्ते में बदल गई। युवती मेदांता अस्पताल के पास एक किराए के मकान में रहती थी, जहां रितेश उससे मिलने आता था। लेकिन शराब के नशे में वह अक्सर मारपीट करने लगा, जिससे परेशान होकर युवती ने बातचीत बंद कर दी। इसके बाद रितेश ने उसे धमकी दी कि अगर उसने बात नहीं की या मिलने से इनकार किया, तो वह उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। बाद में रितेश ने इंस्टाग्राम पर पीड़िता की तस्वीरें और वीडियो अपलोड कर दिए। जब युवती ने उसे यह सामग्री हटाने के लिए कहा, तो उसने धमकी दी कि अगर उसने किसी को बताया, तो वह उसकी हत्या कर लाश गायब कर देगा। युवती के परिवार को भी इस बारे में जानकारी नहीं थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

# 'बीमारू राज्य को 20 साल में बदलकर रख दिया'

## समिट में अमित शाह ने कहा- 2027 तक देश को बनाएंगे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था






### सीएम मोहन यादव और टीम को दी बधाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का समापन केंद्रीय मंत्री अमित शाह के संबोधन के साथ हुआ। समिट के दूसरे दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भोपाल पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने सीएम मोहन यादव, उनकी टीम और अफसरों को बधाई दी। शाह ने कहा- मुझे पूरा विश्वास है कि जिस तरह की कार्ययोजना सरकार ने बनाई है, इसमें से अधिकतर एमओयू जमीन पर उतरेंगे। सोमवार को पीएम मोदी ने इस समिट का शुभारंभ किया था।

समिट को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा- मोदी जी ने देश की 130 करोड़ जनता के सामने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य भी रखा है। यह समिट दोनों लक्ष्यों को साकार करने में सहायक होगी। कोई एक सरकार देश का विकास नहीं कर सकती। टीम इंडिया में राज्य सरकार और भारत सरकार मिलकर काम करें तभी विकास संभव है। अमित शाह ने कहा जिस मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य कहा जाता था 20 साल में बीजेपी ने उसे बदलकर रख दिया।

अमित शाह ने मध्य प्रदेश के प्रशासन की तारीफ की। शाह ने उद्योगपतियों और निवेशकों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि आपको मध्यप्रदेश में भरोसेमंद प्रशासन मिलेगा। इसलिए आइए और यहां निवेश कीजिए। अमित शाह ने कगहा- बेहतरीन इंफ्रास्ट्रचर यहां बन चुका है। ईको सिस्टम भी प्रशासन ने उपलब्ध कराया। मार्केट का एक्सेस भी मप्र से ज्यादा किसी स्टेट को उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा पारदर्शी शासन ने लोगों को इन्वेस्टमेंट के लिए आकर्षित किया है। शाह ने कहा- यहां लैंड भी है, लेबर्स फोर्स भी है, माइंस हैं, मिनरल्स हैं, उद्योग की संभावनाएं और अवसर हैं, शिक्षित युवा हैं और स्किल्ड वर्क फोर्स भी है, हर तरह से मप्र इन्वेस्टमेंट के लिए बड़ा आकर्षक केंद्र बना हुआ है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएस अनुराग जैन ने कहा, ये हमारा 8वां ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट था। लेकिन भोपाल में पहला है। पिछले दो दिनों में 25 हजार से ज्यादा डेलीगेट्स 50 देशों से समिट में आए। वहीं, 10 केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए। 6 केंद्रीय सचिव शामिल हुए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट का उद्घाटन किया है। इस समय के काफी अच्छे परिणाम आने शुरू हो गए हैं। टेक्नोलॉजी सेक्टर में 78000 करोड़ की निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। टूरिज्म में 65000 करोड़ की इन्वेस्टमेंट की प्रस्ताव सरकार को मिले हैं।

### कई समझौतों पर हुए साइन

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दूसरे दिन कई अहम समझौते हुए हैं। एअर इंडिया एक्सप्रेस और मध्यप्रदेश नागरिक विमानन विभाग के बीच 5 फ्लाइट के लिए एमओयू साइन हुआ है। इस दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन एन किंजारापु भी मौजूद थे।

## मंदसौर में मिले रतलाम के प्रेमी युगल के शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी**। मंदसौर में ग्राम कचनारा में महू-नीमच राजमार्ग पर सरसौद फंटे पर रेलवे ट्रैक के पास युवक और युवती के शव मिले हैं। मृतक युवक-युवती रतलाम जिले के ग्राम बरखेड़ा के रहने वाले थे। दोनों दो दिन से लापता थे। उनके मोबाइल पर स्वजन के कॉल आने से दोनों की पहचान हुई। जानकारी के मुताबिक, दलौदा थाना क्षेत्र में स्थित सरसौद फंटे पर सुबह लगभग 11 बजे युवती का शव पेड़ पर लटका मिला, जबकि युवक का शव जमीन पर पड़ा मिला था। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। मंदसौर ग्रामीण एसडीओपी कीर्ति बघेल ने बताया कि प्राथमिक जांच में आत्महत्या का मामला लग रहा है। मृतक युवक रतलाम जिले के ग्राम बरखेड़ा निवासी 19 वर्षीय धनजी पुत्र रामचंद्र डावर है। युवती की पहचान 20 वर्षीय केला बाई पुत्री शंभू डाबी के रूप में हुई है। घटनास्थल पर मिले मोबाइल पर आ रहे कॉल से दोनों मृतकों के परिवारों की जानकारी मिली। युवक-युवती दो दिनों से लापता थे और उनके स्वजन तलाश कर रहे थे। पुलिस ने शवों को जिला अस्पताल के मार्चुरी कक्ष में रखवाया है। प्रारंभिक जांच में यह प्रेम प्रसंग का मामला माना जा रहा है। दलौदा थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने की तारीफ, कहा- भारत के हृदय में आएं

**भोपाल, एजेंसी**। अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने कार्यक्रम में मौजूद निवेशकों से कहा मैं भारत की जनता से आग्रह करूँगा कि भारत के हृदय में आइये और देखिये कितना खूबसूरत है ये प्रदेश यहाँ के लोग कितने अच्छे हैं मैंने यहाँ चार फ़िल्में की है कभी कोई परेशानी नहीं हुई, शूटिंग में कोई रोका टोकी नहीं करता, मैं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उनकी सरकार को सिनेमा और टूरिज्म को प्रोत्साहित करने और बुनियादी सुविधाएँ देने के लिए धन्यवाद देता हूँ। केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा मध्य प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं एक पर्यटक की जो भी अपेक्षा हो सकती है वो मध्य प्रदेश पूरी करने की ताकत रखता है, उसे पहाड़, जंगल, नेचर से एडवेंचर तक, माउन्टेन से वाटर बॉडीज तक, हिस्ट्री से कल्चर तक, एग्रीकल्चर से एक्वा कल्चर तक ये सारी अपेक्षाएं पूरी करने वाला एक मात्र प्रदेश है मध्य प्रदेश। उन्होंने कहा, आने वाले समय में देश की हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री और ट्रैवल एंड टूरिज्म इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा निवेश अगर किसी एक प्रदेश में आने की संभावना है तो वो मध्य प्रदेश है।




## शहरों के नियोजित विकास के लिये केन्द्र से मिलेगी भरपूर मदद : केन्द्रीय मंत्री श्री खट्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत वर्ष-2047 की कल्पना की है। इस लक्ष्य को हासिल करने में शहरों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में नियोजित शहरी विकास के लिये केन्द्र सरकार प्रदेश को हरसंभव मदद करेगी। केन्द्रीय मंत्री श्री खट्टर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मंगलवार को नगरीय प्रशासन द्वारा आयोजित अनलॉकिंग लेण्ड वेल्यू विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित कर रहे थे।**

केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्री श्री खट्टर ने कहा कि मध्यप्रदेश में शहरों के नियोजित विकास को लेकर जो तीन पॉलिसी जारी की गई है, यह प्रदेश सरकार की ओर से उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में शहरों के विकास की बहुत संभावनाएं हैं। शहरों के समग्र विकास के लिये राज्य सरकार को सघन आबादी वाले शहरों पर विशेष ध्यान देना होगा।

उन्होंने भोपाल, इन्दौर मेट्रो लाईन की चर्चा करते हुए कहा कि मेट्रो लाईन का विस्तार इस तरह से किया जाये कि इसका फायदा समाज के प्रत्येक वर्ग को मिल सके। उन्होंने मेट्रो पॉलिटन सिटी के विकास में एक विस्तृत योजना तैयार करने पर भी जोर दिया। केन्द्रीय मंत्री श्री खट्टर ने बढ़ती शहरी आबादी का आंकलन सही रूप में किये जाने की बात कही। शहरी क्षेत्र के परिवहन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी के जरिये पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण और कार्बन क्रेडिट का फायदा देने वाली प्रोत्साहन नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता बताई।

## इंदौर को दिल्ली-मुंबई तर्ज पर विकसित किया जाएगा...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश और ज्यादा चमकेगा। प्रदेश की मोहन सरकार पूरे राज्य को मिनी मुंबई इंदौर का रूप देगी। जबकि, इंदौर को दिल्ली-मुंबई तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इतना ही नहीं, मेट्रोपॉलिटन कॉन्सेप्ट के आधार पर कई जिलों को आपस में जोड़कर और बड़ा किया जाएगा।**



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अब इस योजना पर फोकस कर रहे हैं। उन्होंने राजधानी भोपाल में आयोजित वैश्विक सम्मेलन ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 में इस योजना पर चर्चा की। जीआईएस के दूसरे दिन यानी 25 फरवरी को 'अनलॉकिंग लैंड वैल्यू इन सिटीज' सेशन आयोजित किया गया। इस सेशन में शहरों के विकास पर मंथन किया गया। इस सेशन में हरियाणा के पूर्व सीएम और वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मौजूद रहे। सेशन में सीएम मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद हमने कई सेक्टर में काम करने का संकल्प लिया। हमने रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव और इंवेस्टर समिट की। इस दौरान प्रदेश में रोजगार, उद्योग और निवेश का वातावरण बनाने का प्रयास किया। यह प्रयोग बहुत अच्छा रहा। इनकी वजह से हमें कई तरह के लाभ मिले। इन्हीं सबके बीच हमें पता चला कि राज्य के छोटे से छोटे स्थान पर भी इंवेस्टर समिट हो सकती है। इससे हमारा कॉन्फिडेंस बढ़ा। हमें पता चला कि नर्मदापुरम जैसी छोटी जगह पर भी निवेश की उम्मीदें हैं। सीएम यादव ने कहा कि कुछ समय पहले हम रिन्यूएबल एनर्जी के उपकरण निर्माण उद्योग के भूमि पूजन के लिए नर्मदापुरम के मुहासा-बाबई गए थे। यहां जब हम औद्योगिक केंद्र का भूमि पूजन कर रहे थे, तो उस वक्त 200 एकड़ जमीन थी। हमारा कार्यक्रम चालू ही था कि 400 एकड़ और जमीन की मांग आ गई। इस तरह जमीन की 800 एकड़ हो गई। हमने जब इस मांग को पूरा किया, तो पता चला कि 800 एकड़ जमीन की और मांग आ गई। यही छोटी-छोटी जगहों पर इंवेस्टर समिट करने का फायदा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि इंदौर को दिल्ली-मुंबई की तरह बनाना है और बाकी प्रदेश को इंदौर की तरह बनाना है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने निवेश का और काम करने का माहौल बना दिया है। हम मेट्रोपॉलिटन कॉन्सेप्ट के आधार पर आसपास के जिलों को जोड़ेंगे। भविष्य में इंदौर-उज्जैन-देवास-शाजापुर-पीथमपुर (धार) को जोड़कर इंडस्ट्रियल सेंटर की कल्पना की है। इस तरह सब मिलाकर लगभग 8000 किलोमीटर का पूरा क्षेत्र मिलाने की योजना है। मेट्रोपॉलिटन की कल्पना में मामले को कानूनी पेंच में उलझाने की बजाए एक आउट लाइन तय की है।रोड-रेलवे-बिजली-पानी-सीवर लाइन जैसी सुविधाएं मुहैया कराएंगे। इस तरह 25 सालों में इस क्षेत्र को महानगर के रूप में विकसित करेंगे। इसी तरह भोपाल-सीहोर-विदिशा-रायसेन-नर्मदापुरम का एक हिस्सा मिलाए जाने की कल्पना है।

## संपादकीय

# महाकुंभ : 65 करोड़ का आंकड़ा पारकर रच दिया इतिहास

तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहे महाकुंभ मेला ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर 65 करोड़ का आंकड़ा पारकर इतिहास रच दिया। महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर सुबह 8 बजे तक ही लाखों लोगों ने स्नान कर इस महारिकॉर्ड को स्थापित कर इस महाकुम्भ को संख्या के लिहाज से इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया। दावा किया जा रहा है कि कुंभ ही नहीं, दुनिया के किसी भी आयोजन में आज तक एक साथ इतनी बड़ी संख्या में लोग नहीं जुटे हैं, जितने 45 दिनों के अंदर प्रयागराज में बनाए गए एक अस्थायी शहर में जुट गए। यह संख्या कई देशों की आबादी से भी कई गुना अधिक है। अब तक 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाई है। 65 करोड़ श्रद्धालुओं के किसी एक स्थान पर जुटने का इतिहास में और कोई उदाहरण नहीं दिखाई देता। सनातन के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था, दृढ़ निश्चय और विश्वास का ही यह फल है कि संगम तट पर इतना विशाल जनसमूह 45 दिनों में एकत्र हो गया। यदि इस संख्या की दुनिया भर के देशों की आबादी से तुलना की जाए तो कई देशों की आबादी इसमें समा जाएगी। उदाहरण के तौर पर अमेरिका की दोगुनी से ज्यादा, पाकिस्तान की ढाई गुना से अधिक और रूस की चार गुनी से ज्यादा आबादी के बराबर श्रद्धालु यहां अब तक आ चुके हैं। यही नहीं, जापान की 5 गुनी आबादी, यूके की 10 गुनी से ज्यादा आबादी और फ्रांस की 15 गुनी से ज्यादा आबादी ने यहां आकर त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगा ली है। तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित इस महाकुम्भ में संख्या के लिहाज से भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। यदि देश की कुल जनसंख्या से स्नानार्थियों की तुलना की जाए तो इसके अनुसार भी लगभग 50 प्रतिशत भारत ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा ली है। वहीं अगर सनातन धर्मावलंबियों की बात करें तो देश के 60 प्रतिशत से ज्यादा और दुनिया के करीब 55 प्रतिशत सनातनी श्रद्धालुओं ने पावन स्नान कर लिया है। 45 दिन तक चले इस आयोजन में श्रद्धा की डुबकी लगाने के लिए दुनिया भर से श्रद्धालु जुटे हैं। 73 देशों के राजनयिकों के साथ भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर महाकुम्भ के साक्षी बन चुके हैं।

## ज्ञान-विज्ञान

# 28 फरवरी को 7 ग्रह एकसाथ दिखेंगे जैसे एक सीधी रेखा में किताबों में पढ़ाया गया है



28 फरवरी 2025 की शाम को सौर मंडल के सभी सात ग्रह एक साथ रात में दिखाई देंगे. यह एक दुर्लभ और अद्भुत खगोलीय घटना है, जिसे महान ग्रहीय संरेखण कहा जाता है. शनि, बुध, नेपच्यून, शुक्र, अरुण, बृहस्पति और मंगल - सभी ग्रह एक साथ एक सीधी रेखा में दिखाई देंगे.

यह घटना खगोल विज्ञान के शौकीनों और आम लोगों के लिए एक अद्भुत अवसर होगी. यह घटना इसलिए भी खास है क्योंकि इतने सारे ग्रह एक साथ दिखाई देना बहुत कम होता है. आमतौर पर कुछ ग्रह एक ही समय में सूर्य के एक ही तरफ होते हैं, लेकिन सभी ग्रहों का एक साथ एक लाइन में आना बहुत कम होता है.

ये सातों ग्रह उस तरह से एक सीध में दिखेंगे जैसे किताबों में पढ़ाया जाता है. जबकि आमतौर पर ऐसा नहीं होता. ये सभी ग्रह सूरज के चारों तरफ अलग-अलग घेरे में चक्कर लगाते हैं. ग्रहों की कक्षाएं अलग होने के कारण वे एक सीधी रेखा में नहीं दिखाई देते हैं.

### क्या होता है नया तारा बनने पर?


एक नए तारे के आसपास एक बादल घूमने लगता है, जिससे एक समतल डिस्क बनती है. इस डिस्क से ग्रह बनते हैं. वे एक ही स्तर पर परिक्रमा करते रहते हैं. जब ग्रह अपनी कक्षाओं में चलते हैं, तो वे कभी-कभी सूर्य के एक ही पक्ष में आ जाते हैं. इस समय हम उन्हें एक साथ आकाश में देख सकते हैं. यही वह अद्भुत दृश्य है जो 28 फरवरी की शाम को आकाश में दिखाई देगा.

### कैसे देखें ये दुर्लभ नजारा?

सातों ग्रहों को देखने के लिए आपको सही समय और स्थान पर होना होगा. ग्रहों के उगने और अस्त होने के समय और उनके आकाश में स्थान आपके धरती के लोकेशन निर्भर करते हैं. आप ऑनलाइन टूल्स का उपयोग करके अपने स्थान के लिए सही समय और स्थान जान सकते हैं.

तीन इंटरनेट टूल हैं- जिनपर आप ये नजारा देख सकते है... Time and Date, Stellarium और Sky Tonight. टाइम एंड डेट में एक इंटरैक्टिव टूल है जो आपको देखने के लिए तिथि सेट करने की अनुमति देता है, जिसमें प्रत्येक ग्रह के लिए उदय और अस्त के समय, आकाश में वे कहां देखे जा सकते हैं, और वे कितने मुश्किल होंगे दिखाई देने के लिए.

स्टेलेरियम में एक वेब टूल है जो आपको सभी ग्रहों की स्थिति दिखाता है. स्काई टुनाइट एक मुफ्त मोबाइल ऐप है जो आपके फोन के हार्डवेयर का उपयोग करके आपके स्थान का अनुमान लगाता है, और आकाश के ऊपर एक मानचित्र पर खगोलीय पिंडों की वास्तविक समय की स्थिति दिखाता है.



Uttarpradesh

# महाशिवरात्रि पर महाकुंभ में उमड़ा जनसैलाब, सुबह से 60 लाख; अब तक 65 करोड़ लोगों ने किया महास्नान

**प्रयागराज, (एजेंसी)** महाशिवरात्रि पर आज महाकुंभ 2025 का छठवां और आखिरी स्नान हो रहा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पावन संगम स्नान के लिए महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। पूरे मेला क्षेत्र में हाई अलर्ट है। ड्रोन और एआई कैमरों से भी त्रिवेणी संगम की निगरानी की जा रही है। मेला क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश बंद रखा गया है। आज लगभग दो करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान है। सुबह से 8 बजे तक 60 लाख से अधिक लोग स्नान कर चुके थे। 25 फरवरी तक 64.77 करोड़ श्रद्धालु महाकुंभ में पहुंचकर डुबकी लगा चुके हैं। आज उमड़ी भारी भीड़ के मद्देनज़र मेला



क्षेत्र में हाई अलर्ट रखा गया है। सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की वही व्यवस्थाएं लागू की गई हैं जो इससे पहले हुए वसंत पंचमी और माघी पूर्णिमा के स्नान के दिन थीं। हेलीकॉप्टर से फूलों की बारिश की भी तैयारी की गई है। शिवभक्तों पर 25 क्विंटल फूल बरसाए जाएंगे। बुधवार को आखिरी स्नान पर्व के साथ 13 जनवरी से शुरू हुए 45 दिनी सबसे बड़े धार्मिक आयोजन का समापन हो जाएगा। स्नान पर्व के एक दिन पहले अफसरों ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। आईट्रिपलसी में बनाए गए कंट्रोल रूम में 24 घंटे के लिए टीम को तैनात किया गया है, जो हर वक्त हर गतिविधि पर नजर रखेगी। यह टीम घाटों पर, मेला क्षेत्र में, प्रमुख होल्डिंग एरिया, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए समन्वय बनाने का काम करेगी।

Uttarpradesh

## यूपी में सुबह-सुबह एनकाउंटर, लॉरेंस बिश्नोई गैंग का बदमाश जितेंद्र मारा गया

### एक लाख रुपए का था इनाम



**मेरठ, (एजेंसी)** यूपी के मेरठ में बुधवार की सुबह-सुबह एनकाउंटर हुआ है। इसमें लॉरेंस बिश्नोई गैंग का बदमाश जितेंद्र उर्फ जीतू मारा गया है। एसटीएफ की नोएडा यूनिट और पुलिस ने इस एनकाउंटर को अंजाम दिया है। जितेंद्र पर गाजियाबाद पुलिस ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। वह पैरोल पर जेल से बाहर आने के बाद फरार हो गया था। उसे अदालत से उम्रकैद की सजा हो चुकी थी।

मिली जानकारी के अनुसार दो बजे के बाद भोर में यह एनकाउंटर हुआ है। मेरठ के मुंडाली थाना क्षेत्र में एसटीएफ और पुलिस ने जितेंद्र की घेराबंदी की थी। जितेंद्र को हथियार डालकर सरेंडर करने को कहा गया लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसे गोली लग गई। जितेंद्र को घायल होने के बाद पुलिस ने पकड़ लिया और इलाज के लिए तत्काल अस्पताल ले गई। अस्पताल में इलाज के दौरान जितेंद्र की मौत हो गई। एनकाउंटर में मारा गया जितेंद्र उर्फ जीतू हरियाणा के झज्जर के असौंदा सिवान गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि उसके खिलाफ आठ मुकदमे दर्ज थे। 2026 में हुए डबल मर्डर में उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। मिली जानकारी के अनुसार वह 2023 में पैरोल पर जेल से बाहर आने के बाद फरार हो गया था।

Punjab

## पठानकोट में बीएसएफ ने एक घुसपैठिए को मार गिराया, तलाशी अभियान जारी



**पठानकोट, (एजेंसी)** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को आज एक बड़ी कामयाबी मिली है। बीएसएफ के जवानों ने पठानकोट के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में एक घुसपैठिए को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि एक शख्स पठानकोट के रास्ते भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान बीएसएफ के जवानों ने उसे चेतावनी दी, लेकिन वह उसे नजरअंदाज करते हुए लगातार आगे बढ़ता रहा। ऐसे में बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया।

Uttarpradesh

## प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर बड़ा हादसा, तेज रफ्तार बेकाबू कार घर में घुसी; चार युवकों की मौत और तीन घायल

**प्रयागराज, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। बुधवार को एक तेज रफ्तार बेकाबू कार एक घर में घुस गई। हादसे में चार युवकों की मौत हो गई है, जबकि तीन घायल हो गए। घायलों की हालत नाजुक बनी है। घर में सो रहे दंपती भी गंभीर रूप से घायल हैं।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली देहात थाना इलाके के भुपियामऊ चौकी इलाके में प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग बबुरहा मोड़ के पास रात करीब दो बजे यह हादसा हुआ। कार सवार सभी श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे थे। श्रद्धालुओं से भरी महिंद्रा टीयूवी-300 कार अचानक बेकाबू होकर एक मकान में घुस गई। सूचना मिलते ही कोतवाली देहात, भुपियामऊ चौकी, कटरा चौकी, पृथ्वीगंज चौकी, पीआरबी 112 समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंची।



टक्कर इतनी भीषण थी कि पुलिस और ग्रामीणों को कार में सवार श्रद्धालुओं को बाहर निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आनन-फानन सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। कार में सात लोग सवार थे।

सभी बिहार-झारखंड के रहने वाले बताए जा रहे हैं। हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। जबकि तीन कार सवार और घर में सो रहे दंपती समेत पांच घायल हो गए।

खेल

# बारिश से धुला दक्षिण अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच

### ◆रोमांचक हुई ग्रुप बी की जंग

**रावलपिंडी, एजेंसी** दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाने वाला चैंपियंस ट्रॉफी का सातवां मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। यह मैच रावलपिंडी में होना था, लेकिन सुबह से ही बारिश बाधा बनी हुई थी। यही कारण है कि यह मुकाबला टॉस के बिना ही रद्द हो गया। अंपायर्स ने उम्मीद जताई थी कि अगर बारिश रुकती है तो भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से 20-20 ओवर का मैच हो सकता है, लेकिन मेघराज ने कोई नर्मी नहीं दिखाई और मैच रद्द हो गया। हम यहां ग्रुप बी के समीकरणों पर चर्चा करेंगे। आइये जानते हैं...



### रोमांचक मोड़ पर पहुंची ग्रुप बी की जंग

दक्षिण अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच धुलने से ग्रुप बी में सेमीफाइनल की जंग रोचक हो गई है। दोनों टीमों के खाते में एक-एक अंक जुड़ गया है और टेम्बा बावुमा की अगुआई वाली टीम तीन अंक और +2.140 के नेट रनरेट के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है, जबकि ऑस्ट्रेलिया तीन अंक और +0.475 के नेट रनरेट के साथ दूसरे पायदान पर है। अब आठवां मुकाबला इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच खेला जाना है, जिसमें हारने वाली टीम का सफर समाप्त हो जाएगा।

### कल समाप्त हो जाएगा इंग्लैंड और अफगानिस्तान में से किसी एक का सफर

इंग्लैंड की टीम -0.475 नेट रनरेट के साथ तीसरे और अफगानिस्तान -2.140 के नेट रनरेट के साथ चौथे पायदान पर है। दोनों टीमों को अपने पिछले मुकाबलों में क्रमशः ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से शिकस्त मिली थी। ग्रुप ए से न्यूजीलैंड और भारत पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। वहीं, मेजबान पाकिस्तान और बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। ऐसे में बुधवार को ग्रुप बी के मुकाबले में हारने वाली टीम इस टूर्नामेंट से बाहर होने वाली तीसरी टीम बन जाएगी।

सिनेमा

## उर्वशी रौतेला ने दिखाई अपनी बर्थडे स्पेशल डायमंड ड्रेस, लोग बोले- इसे शीशे वाला गोटा कहते हैं



उर्वशी रौतेला का 25 फरवरी को बर्थडे था, और इस खास मौके पर उन्होंने डायमंड से जड़ी खूबसूरत ड्रेस पहनी, जिसकी चर्चा हो रही है। एक्ट्रेस ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, और बताया कि उनकी ड्रेस असली डायमंड से बनाई गई है। उर्वशी रौतेला ने कुछ और वीडियोज शेयर किए हैं, जहां एक में वह आलीशान केक काटती नजर आ रही हैं, वहीं दूसरे वीडियो में ओरी के साथ Dabidi Dabidi गाने पर डांस कर रही हैं। उर्वशी रौतेला हाल ही रिलीज हुई फिल्म 'डाकू महाराज' में नजर आई थीं। इसी में उन्होंने एक्टर नंदमुरि बालाकृष्ण के साथ dabidi dabidi गाने पर डांस किया था, जो खूब वायरल हुआ। हालांकि, इस गाने के डांस स्टेप्स और कोरियोग्राफी की खूब आलोचना हुई थी। 'डाकू महाराज' में उर्वशी ने एसआई इंस्पेक्टर का रोल प्ले किया था। अब उर्वशी ने अपनी बर्थडे पार्टी में इसी गाने पर डांस किया और तहलका मचा दिया। हालांकि, उनकी डायमंड जड़ी ड्रेस पर सबकी नजरें अटकी रहीं। इस ड्रेस में मिरर वर्क भी था। एक्ट्रेस के वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं, और यूजर्स के भी काफी कमेंट आ रहे हैं। कुछ ने उर्वशी की डायमंड की ड्रेस को लेकर तंज कसा।

## Highlights

1. Give 'worst airline' Oscar to Air India: BJP's Jaiveer Shergill as he lists 4 'categories'
2. Teacher suspended for hitting student over Hindi poem recitation
3. Won't get blisters: Mamata as UP CM criticises Maha Kumbh critics
4. Telangana makes Telugu compulsory in schools across all boards

# Capgemini CEO pushes for work-life balance: '47-hour work week, no emails on weekends'

**NEW DElHI, (Agency).** Amid top executives calling longer working hours, Capgemini CEO Ashwin Yardi has called for a 47-hour workweek with no work emails being sent to employees on the weekends. "Forty-seven and a half hours. We have about nine hours a day and five days a week," he said, while speaking at the Nasscom Technology and Leadership Forum. He was asked the ideal number of hours an employee should work in a week, PTI reported.

He added that unless an issue can be resolved over the weekend, all weekend emails should be avoided and he has used this principle for the last four years. "My guiding principle for the last four years is don't send an e-mail on a weekend even if it is an escalation unless you know you can solve it on a weekend," he said.

No point in 'giving grief' to employees- Yardi, however, said that he does occasionally work on the weekend but this does not extend to his employees as a mandatory exercise. He said he tried not to email them to avoid adding unnecessary stress and saw no point in just giving "grief" to an employee knowing that the work cannot be done on a weekend. Earlier, Yardi had said that given the demographic profile of IT workers, it is very important for organisations to adapt to the expectations of the younger employees and listed out strategies they are adopting. He added that Capgemini has quarterly promotion cycles, six-week employee surveys and charts out career paths for employees. His comments are in contrast to Infosys co-founder NR Narayana Murthy's push for a 70-hour workweek and Larsen & Toubro Chairman SN Subrahmanyan's call for 90-hour workweeks. Both have faced criticism for their comments amid debates over work-life balance.



# Budweiser APAC appoints Yanjun Cheng as CEO amid weak earnings in China

**NEW DElHI, (Agency).** Beer maker Budweiser Brewing Co APAC has named Yanjun Cheng as its new chief executive officer, as weak consumer sentiment in China weighs on its earnings.

Cheng will succeed Jan Craps who will step down after seven years, according to a company filing.

The management change comes after the brewer posted a net loss of $16 million in the fourth-quarter, missing the $6.72 million profit projected by analysts. The company's quarterly revenue trends also showed a decline for the fourth consecutive quarter.

The company's top priority in China is to reconnect with market share growth, the firm said in its earnings report. Full-year volumes in the country decreased by 11.8%, and total market share declined by 149 basis points.

Budweiser APAC's new CEO could signal a renewed focus on revitalizing its struggling China business, said Bloomberg Intelligence analysts Ada Li and Joyce Ho.

Rival brewers also experienced a tough year in China. Both volume and revenue dropped for Carlsberg in China last year. The Chinese beer market declined by about 4% due to weak consumer environment and bad weather during the summer, according to the Danish brewer's executives at the company's recent earnings call.



# मेकअप आर्टिस्ट युवती ने अपने प्रेमी की गला घोंटकर हत्या कर दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के भंवरकुआं इलाके में एक मेकअप आर्टिस्ट युवती ने अपने प्रेमी की गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना के बाद वह खुद थाने पहुंची और पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।**



एसीपी देवेंद्र धुर्वे के मुताबिक, घटना पिपल्याराव इलाके में हुई। यहां किराए के मकान में रहने वाली युवती कृष्णा सिसौदिया(19) निवासी तेजाजी नगर नई बस्ती मंगलवार देर शाम थाने पहुंची और बताया कि उसने अपने दोस्त संस्कार (21) पुत्र घनश्याम पटोलिया की हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां संस्कार का शव पड़ा मिला। पुलिस ने एफएसएल टीम को भी जांच के लिए बुलाया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि संस्कार डिलेवरी का काम करता है। जो मूल रूप से सागर का रहने वाला है। जबकि युवती मेकअप आर्टिस्ट है और तेजाजी नगर की रहने वाली है। दोनों एक सप्ताह पहले ही इस किराए के मकान में रहने आए थे। कृष्णा से अफसरो ने पूछताछ की तो उसने बताया कि वह करीब एक सप्ताह से उसके साथ घर वालो को बिना बताए आई थी। उसने अपने साथ रखने को लेकर जिद की। वह अपने घर जाना चाहती थी। इस बात को लेकर दोनो में बहस हुई। कृष्णा जब बाहर की तरफ आई तो संस्कार ने उसका दुपट्टा खीचा ओर झुमाझटकी की। इस दौरान कृष्णा ने बचाव करते हुए वही दुपट्टा संस्कार के गले में डालकर जोर से खींचने लगी। इससे उसकी सांसे थम गई। अफसरों के मुताबिक संस्कार नशा करने का भी आदि है। पुलिस ने संस्कार के दोस्तों को जानकारी दी गई है। इसके बाद वह जिला अस्पताल पहुंचे है। वही संस्कार के परिवार को सागर में भी जानकारी भेजी गई है।

## आग से रेस्टोरेंट सहित दो दुकान खाक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा में बारोली नाके के पास मंगलवार सुबह आगजनी की घटना हो गई। यहां पर एक रेस्टोरेंट और सेलून पार्लर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। अंदर सो रहे रेस्टोरेंट के मालिक ने भागकर जान बचाई। फायर ब्रिगेड के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब 4 बजे के लगभग उन्हें बारोली नाके के यहां सड़क किनारे बने महाकाल रेस्टोरेंट में आग की सूचना मिली थी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर भेजी गई। यहां करीब एक टैंकर पानी डालकर आग को काबू किया गया।**

फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के मुताबिक इस रेस्टोरेंट का संचालन वंदना कुशवाह द्वारा किया जाता है। उनका रिश्तेदार अमन रात में रेस्टोरेंट में ही सोता है। उसकी गर्मी और तपन से आग खुली तो देखा कि रेस्टोरेंट जल रहा है। वह तुरंत बाहर की तरफ भागा। उसने ही फायर स्टेशन पर कॉल कर घटना की जानकारी दी। अमन के मुताबिक आग काफी भयावह थी। इसमें वहां रखी मशीन, फ्रिज और एक गाड़ी जलकर खाक हो गई। आग ने पास में बने रवि सेन के जेन्ट्स पार्लर को भी पूरी तरह से खाक कर दिया। यहां रखे दो गैस सिलेंडर के चलते आग काफी विकराल हो गई थी। फायर ब्रिगेड के मुताबिक इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। लेकिन गैस सिलेंडर के धमाके से लोहे के शेड के परखच्चे उड़ गए हैं।

## क्राइम ब्रांच ने पकड़ा ई-सिगरेट और हुक्के का जखीरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर क्राइम ब्रांच ने प्रतिबंधित ई-सिगरेट का जखीरा पकड़ा है। आरोपी ने उसे बेचने के लिए गोदाम में छिपा रखा था। क्राइम ब्रांच ने गोदाम में दबिश देकर कार्रवाई करते हुए रानीपुरा मार्केट से उमेश नानक शाही निवासी अन्नपूर्णा रोड को पकड़ा है।**




आरोपी ने नई बागड़ के पास एक बिल्डिंग में ई सिगरेट छिपाकर रखी थी। क्राइम ब्रांच ने वहां दबिश दी तो बिल्डिंग में ई-सिगरेट और हुक्का फ्लेवर मिला। जिसमें करीब 500 पैकेट के लगभग ई-सिगरेट और 1 हजार के ऊपर हुक्का फ्लेवर बरामद हुए है। आरोपी से करीब 10 लाख रुपए की कीमत का माल जब्त किया गया है। क्राइम ब्रांच के अफसरों के मुताबिक आरोपी शहर की पान और अन्य पार्लरों पर इसे सप्लाई करने का काम करता था। आरोपी थोक का काम करता है। वह इसे प्रदेश के बाहर से बुलवाता था। और माल की डिलिवरी ऑर्डर पर खुद करता था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पर प्रतिबंधात्मक नशा बेचने को लेकर कार्रवाई की है।

## कंस्ट्रक्शन कंपनी के 27 लाख लेकर भागा कर्मचारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तिलक नगर में कंस्ट्रक्शन कंपनी का कर्मचारी 27 लाख रुपए लेकर फरार हो गया। वह ऑफिस में साथ काम करने वाले दोस्त की बाइक भी अपने साथ ले गया। बाद में उसने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया। इस मामले में इंजीनियर ने थाने आकर कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि उसे सैलरी बांटने के लिए रुपए दिए गए थे।**



तिलक नगर पुलिस ने पंकज कनोजिया, निवासी स्कीम नंबर 140 की शिकायत पर भगवान पुत्र गोविंद नारायण गुर्जर, निवासी ग्राम खंदेवत, जिला टोंक राजस्थान पर चोरी के मामले में केस दर्ज किया है। पंकज वेल्जी रत्ना सोरठिया इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में इंजीनियर के रूप में पदस्थ हैं। इसका ऑफिस बृजेश्वरी एक्सटेंशन में है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर नीलेश सरोठिया ने कंस्ट्रक्शन साइट्स पर लेबर का पेमेंट बांटने के लिए पंकज को 27 लाख रुपए दिए थे। जो ऑफिस के कबर्ड में रखे थे। पंकज सेलून जाने का बोलकर ऑफिस से निकल था। वापस आने पर उसे बैग नहीं मिला। वहां मौजूद महिला कर्मचारी से पूछने पर उसने बताया कि उक्त बैग आफिस का अन्य कर्मचारी गोविंद गुर्जर लेकर गया है। उसने कुछ देर के लिए आफिस बॉय सुनील पनवार की बाइक भी मांगी थी। काफी देर तक वह वापस नहीं आया। उसके मोबाइल नंबर पर पंकज ने कॉल किया तो वह स्विच ऑफ मिला। बाद में कंपनी के अन्य लोगों को जानकारी दी। इसके बाद थाने आकर केस दर्ज कराया। तिलकनगर थाने से आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम भी रवाना हुई है।

## प्रयागराज गए परिवार के यहां लाखों की चोरी

**इंदौर।** राउ में प्रयागराज गए परिवार के यहां लाखों की चोरी हो गई। इस मामले में पुलिस ने पहले आवेदन लिया। इसके बाद पीड़ित के इंदौर आने पर केस दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक वरुण मंडलोई निवासी सिल्वर स्टार सिटी के यहां चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वरूण अपने परिवार के साथ 18 फरवरी को प्रयागराज गया था। अगले ही दिन उसे पड़ोसी सुनील का कॉल आया। उसने बताया कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। प्रयागराज से आने के बाद वरूण ने बताया कि चोर उनके यहां से सोने का रानी हार, एक सिंपल हार, कुंडल, अंगूठी, सोने की चूड़ियां, बाजूबंद, सोने के दो पैंडल और अन्य जेवर व कुछ नकदी रुपए चुराकर ले गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक